**ALLENHOUSE PUBLIC SCHOOL, GHAZIABAD**

**GRADE-5 (HINDI)**

प्र0.1 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

कुत्ते की चोट देखकर राकेश बहुत दुखी हो गया । उसने अपने मित्रों के सामने यह समस्या रखी ।उसके एक मित्र अनिल ने कहा कि अरे छोड़ो इन सब पचड़े में पड़ने की क्या जरूरत है ।यह कुत्ता तुम्हारा नहीं है ,लेकिन वहीं पर राकेश की मित्र नीलिमा ने कहा कि नहीं यह बहुत दर्द से कराह रहा है ।हमें कुछ करना चाहिए।

राकेश के मित्रों में अनिल भी नीलिमा की बात से सहमत नहीं था ,लेकिन नीलिमा ने कहा अगर तुम्हारे पैर में चोट लगी होती तो तुम्हें कैसा लगता ।
इस बात पर अनिल चुप हो गया अब राकेश परेशान था कि, क्या किया जाए ।वहीं पर उसका मित्र अहमद खड़ा हुआ था ।उसने कहा कि पास ही में मेरे चाचा जी का क्लीनिक है, और वे पशुओं के डॉक्टर हैं ।हम वही चलते हैं ।वे कुछ उपाय करेंगे।

1. पाठ का नाम बताइए ।

   पालतु कुत्ता     तीन दिन     राकेश और उसके मित्र

2. राकेश दुखी क्यो हुआ ?

   कुत्ते की चोट देखकर     अनिल की बात सुनकर     कुत्ते को भौकतें देखकर

3. "अरे छोडो इन सब पचड़े में पड़ने की जरूरत क्या है ।" यह वाक्य किसने और किससे कहें?

   नीलिमा ने राकेश से     अहमद ने अनिल से     अनिल ने राकेश से

4. किसके चाचाजी पशुओं के डॉक्टर थे ?

   राकेश     अहमद     अनिल

LIVEWORKSHEETS

5. डॉक्टर के पास जाने का उपाय किसने बताया?
अनिल अहमद नीलिमा

**प्र01 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

एक बार एक धनी व्यक्ति रिक्शे पर बैठकर बस स्टैंड पहुँचा। उसके पास काफी सामान था। वह अपना सामान लेकर बस में चढ़ गया और जल्दी में एक थैला रिक्शा में ही छूट गया। रिक्शेवाले की दृष्टि थैले पर पड़ी तब तक बस आँखों से ओझल हो चुकी थी। रिक्शेवाले ने थैले के सामान को देखा तो हैरान रह गया। उसमें पाँच हजार रूपये और कुछ आवश्यक कागज थे। कागजों पर लिखे पते को पढ़कर रिक्शेवाले ने डाकखाने में जाकर उस व्यक्ति के नाम पॉच हजार रूपये का मनीऑर्डर करवा दिया। उसके आवश्यक कागजों को पॉर्सल द्वारा धनी व्यक्ति के पते पर भेज दिया।

1. घनी व्यक्ति कहाँ जा रहा था ?
बस स्टैंड रेलवे स्टेशन हवाई अड्डा

2. रिक्शेवाला हैरान क्यों हो गया था ?
आदमी को देखकर बस को देखकर थैले के सामान को देखकर

3. थैले में क्या क्या था ?
रूपय–पैसे घन–दौलत रूपये–कागज

4. रिक्शेवाले ने घनी व्यक्ति का सामान किस प्रकार भिजवाया?
मनिऑडर–पार्सल पार्सल–कोरियर पार्सल

5. रिक्शेवाला कैसा व्यक्ति था ?
ईमानदार लालची घनवान

LIVEWORKSHEETS